THE PIONEER PAGE 3

# Counselling and Guidance Cell of LU inaugurated

PNS ■ LUCKNOW

The Counselling and Guidance Cell (CGC) of Lucknow University was inaugurated on Monday by Vice-Chancellor AK Rai, former UP Chief Secretary Alok Ranjan and IIM-Lucknow director Archana Shukla.

The topic of the keynote address of the inaugural session was 'Mental healthcare and support: Perspective of NEP 2020'. The opening remarks of were given by CGC director Madhurima Pradhan, who highlighted the mission and vision of the cell and welcomed the speakers to share their thoughts on the need of counselling and guidance for students.

Rai talked about how big a challenge mental health issues are posing for people, especially students. He underscored the importance of institutions such as CGC to guide students towards wellbeing. He extended full support to the department of Psychology to make this initiative a success.

Ranjan talked about the extreme stress faced by students in their endeavours to achieve success and how it results in frustration and disappointment. He said intelligence is not just limited to cognitive ability but it has different dimensions.

"The goal of Counselling and Guidance Cell is to identify and develop inner creative abilities of students. In the present times, emotional and spiritual intelligence has been considered far more superior than cognitive skills and intelligence for maintaining positive mental health. It is the duty of parents and teachers to teach their children and students how to accept failures in life and learn from them and keep moving forward," he said.

The IIM-L director stressed on the role of parents. She said parents should not impose their own dreams on children. She said mental health practitioners and policy-makers focus should not just be on the mental health of students but also that of teachers.

"Priority should also be on upskilling teachers and guiding students, not just for achievement but also for fulfilment. Teachers' wellbeing is important because they are the medium through which the noble objectives of the new education policy can be implemented," she said.

HINDUSTAN PAGE 5 & 6

# एलयू : दूसरे चरण के लिए पंजीकरण आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार देर रात इसकी सूचना जारी की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक 27 से 29 अक्तूबर तक अभ्यर्थी दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। साथ ही काउंसलिंग फीस पेमेंट, रिक्त सीटों पर सेकेंड चॉइस फिलिंग भी कर सकेंगे। इसके बाद 30 अक्तूबर को फाइनल सीट एलॉटमेंट होगा।

# लविवि में बीसीए समेत दस कोर्स की सीटें फुल

**प्रवेश प्रक्रिया**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश प्रक्रिया में बीसीए समेत 10 पाठ्यक्रमों की सीट फुल हो गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर सवालों से घिरे विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों के दबाव में सोमवार को रिक्त सीटों का ब्योरा जारी कर दिया। हालांकि विश्वविद्यालय की केन्द्रीकृत काउंसलिंग में शामिल कई निजी संस्थानों की सीटें अभी खाली है। एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में सामान्य वर्ग में एक भी सीट खाली नहीं है। कैटेगरी में तीन सीटें उपलब्ध हैं।

**इनकी सीटें फुल:**

सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीसीए की सारी सीटें भर गई हैं। बीएससी मैथ्स(फिजिक्स, मैथ्स व स्टैटिक्स), बीएससी मैथ्स (मैथ्स, कंप्यूटर साइंस, स्टैटिक्स), बीएससी मैथ्स(फिजिक्स, मैथ्स, कंप्यूटर साइंस), बीएससी मैथ्स(फिजिक्स, मैथ्स, एस्ट्रोनॉमी) , बीएससी बॉयो (जीव विज्ञान, बॉटनी, मानवशास्त्र), बीएससी बॉयो( बॉटनी, जियोलॉजी, एंथ्रोपोलॉजी ), बीएससी बॉयो( बॉटनी, जियोलॉजी, केमिस्ट्री), बीएससी बॉयो( जूलॉजी, बॉटनी, भूगर्भ शास्त्र), बीए ऑनर्स राजनीति शास्त्र में एक भी सीट नहीं बची हैं।

**खाली सीटों का ब्योरा:**

बी.कॉम में 19, बी.कॉम सेल्फ फाइनेंस में 51 और बी.कॉम ऑनर्स में 7 सीटें खाली हैं। बी.वॉक में 12 सीटें खाली हैं। बीएससी मैथ्स( फिजिक्स, मैथ्स व कंप्यूटर साइंस) की 2, बीएससी मैथ्स( फिजिक्स, मैथ्स व भू-गर्भ ) की जनरल हैंडीकैप की 1, बीएससी मैथ्स( फिजिक्स, कैमेस्ट्री व मैथ्स ) की 9 समेत अन्य सीटें खाली हैं।

**पीजी: 31 तक अपलोड करें दस्तावेज**

लविवि ने पीजी प्रवेश के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अन्तिम तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी 31 अक्तूबर तक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। दस्तावेज अपलोड करने की अन्तिम तिथि 26 अक्तूबर थी। कई अभ्यर्थियों के अन्तिम वर्ष के नतीजे अभी तक जारी नहीं हुए हैं।

## मनोविज्ञान विभाग में काउंसलिंग सेल

छात्र-छात्राओं में सर्वाधिक तनाव का कारण सफल होने का दबाव होता है जिसका सामना न कर पाने के कारण वे हताश, निराश, कुंठित एवं विभिन्न व्यसनों के शिकार हो जाते हैं। यह कहना है सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी एवं पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का। वह सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने बताया कि सेल की ओर से 26 से 28 अक्तूबर तक तीन दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया जाएगा।

NBT PAGE 4

# पहली काउंसलिंग में ही एलयू की सीटें फुल

## सेंट्रलाइज्ड ऐडमिशन से जुड़े कॉलेजों में आधी से ज्यादा सीटें खाली

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग में एलयू की सारी सीटें भर गई हैं। वहीं सेंट्रलाइज्ड ऐडमिशन के तहत जुड़े डिग्री कॉलेजों में आधे से भी ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। सोमवार को पहले चरण के काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के वाद एलयू ने डाटा जारी किया है।

आंकड़ों के मुताविक एलयू में संचालित वीसीए, वीएससी, वीए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस और वीकॉम जैसे प्रमुख कोर्सेस की सीटें फुल हो गई हैं। ऐसे में जो स्टूडेंट्स एलयू के दूसरी सूची का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें दूसरे विकल्पों तलाशने होंगे।

**चॉइस में नहीं भर दूसरे कॉलेजों का आप्शन :** एलयू के ओर से जारी डाटा के अनुसार यूजी के प्रथम चरण की काउंसिलिंग में डिग्री कॉलेजों की सीटों पर स्टूडेंट्स ने ज्यादा चॉइस नहीं दी है। जिसकी वजह से सेंट्रलाइल्ड ऐडमिशन प्रक्रिया से जुड़े कॉलेजों में करीव करीव 30 % सीटें भर पाई हैं। खास वात है कि जिन कोर्सेज की सीटें एलयू में पहले ही चरण में फुल हो गई हैं, डिग्री कॉलेजों में उन्हीं कोर्सेज में आधे से अधिक सीटें खाली हैं। जानकारों के मुताविक स्टूडेंट्स की पहली पसंद एलयू है। ज्यादातर स्टूडेंट्स ने डिग्री कॉलेजों की सीटों चॉइस लॉक नहीं की।

### एलयू में खाली सीटें

- बीकॉम रेग्युलर: 19
- बीकॉम सेल्फफाइनैंस: 51
- बीकॉम ऑनर्स: 7
- बीवोक: 12
- बीएससी (फिजिक्स, मैथ्स व कंप्यूटर साइंस) सेल्फफाइनैंस: 2
- बीएससी (फिजिक्स, मैथ्स व जियॉलजी) रेगुलर: जनरल हैंडीकैप1
- बीएससी बॉयो (जेनेटिक्स एंड जिनॉमिक्स, केमेस्ट्री व वॉटनी) रेगुलर: कुल 5 सीटें, ओपन 0
- बीएससी बॉयो(जीव विज्ञान, जियॉलजी, मानव शास्त्र) रेगुलर: 1
- बीएससी बॉयो(बॉटनी,जूलॉजी, कैमिस्ट्री):11
- 43 बीबीए सेल्फ फाइनैंस:
- बीबीए इंटरनैशनल बिजनेस: 8
- बीबीए मैनेजमेंट साइंसेस-14
- बीबीए टूरिज्म: 25
- एलएलबी पांच वर्षीय: 3
- बीए ऑनर्स सोशल वर्क: 25 सीटें(ओपन में शून्य)
- बीए ऑनर्स सायकॉलजी: 4 सीटें (ओपन में शून्य)
- बीए ऑनर्स हिंदी:16
- बीए ऑनर्स इंग्लिश:3 सीट
- बीए ऑनर्स इकॉनमिक्स: 1 सीट
- बीए ऑनर्स एआईएच: 2 सीट
- बीए रेग्युलर
- बीए एंथ्रो रेगुलर: 55
- बीए सोशल वर्क रेग्युलर: 25
- बीए समाज शास्त्र: 8
- बीए ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट: 6
- बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन:17
- बीए राजनीति शास्त्र: 5
- बीए डिफेंस स्टडीज: 7
- बीए फिजिकल एजुकेशन: 9
- बीए होम साइंस:57
- बीए भूगोल:10
- बीए परशियन:69
- बीए भाषा शास्त्र: ओपेन में 21, कुल 71 सीटें
- बीए इकॉनमिक्स: 27
- बीए मनोविज्ञान: 6
- बीए स्टैट्स:9
- बीए फिलॉसफी: 12
- बीए मैथ्स:7
- बीए हिस्ट्री: 4
- बीए संस्कृत: 65
- बीए ऊर्दू: 82
- बीए फंक्शनल संस्कृत: 34
- बीए फ्रेंच: 40
- बीए इंग्लिश: 15
- बीए फंक्शनल हिंदी:20
- बीए हिंदी:167



**पीजी प्रवेश में डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने की तारीख बढ़ी**

एलयू ने पीजी प्रवेश के लिए डॉक्युमेंट्स अपलोड करने की तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार कई विभागों में अंतिम वर्ष के रिजल्ट घोषित नहीं हुए हैं। इसे देखते हुए तारीख बढ़ाई गई है। हालांकि विद्यार्थी पहले के सेमेस्टर या वार्षिक परीक्षा की मार्कशीट भी अपलोड कर सकते हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# बच्चों की क्षमता विकसित करने में करें सहयोग

## आईआईएम की निदेशक ने वेबिनार में दी सलाह

**लखनऊ।** माता-पिता को बच्चों की क्षमताओं के विकास व उनके सपने पूरे करने में मददगार बने। उन पर अपनी अपेक्षाएं न थोपें। आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रो. अर्चना शुक्ला ने सोमवार को ये विचार लविवि की काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल की ओर से आयोजित वेबिनार में कही। तीन दिवसीय वेबिनार का विषय 'मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सहायता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का परिदृश्य' था।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के साथ शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य व कुशल क्षेम पर भी कार्य किया जाना आवश्यक है।

लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य वास्तव में एक बड़ी चुनौती है। इसलिए विवि के मनोविज्ञान विभाग द्वारा काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल की उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने कहा कि विद्यार्थियों के सामने तनाव का सबसे बड़ा कारण सफल होने का दबाव होता है। बुद्धि केवल संज्ञानात्मक क्षमता तक ही सीमित नहीं होती बल्कि उसके अनेकों आयाम होते हैं। काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों की आंतरिक क्षमताओं की पहचान कर उन्हें विकसित करने की ओर बढ़ावा देना होना चाहिए। माता-पिता व शिक्षकों को बच्चों में सफलता व असफलता दोनों को ही स्वीकार कर आगे बढ़ने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. ललित कुमार सिंह ने किया।

PIONEER PAGE 3

# विश्वविद्यालय की सीटें फुल कालेजों में 50 फीसदी खाली

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को स्नातक स्तर पर पहले चरण के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि की तरफ से रिक्त सीटों का विवरण जारी कर दिया गया है। पहले चरण में विवि के 10 कोर्सेस की सीटें भर गई है, मगर कालेजों में अभी भी इन कोर्सेस की 50 फीसदी के करीब सीटें खाली हैं।फिलहाल मंगलवार से दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। विवि स्तर पर जारी आंकड़ों के अनुसार एलयू में संचालित बीसीए, बीएससी, बीए ऑनर्स पॉलिटीकल साइंस और बीकॉम जैसे प्रमुख कोर्सेज की सीटें फुल हो गई हैं। एलयू के ओर से जारी डाटा के अनुसार यूजी के पहने फेस की काउंसिलिंग में निजी डिग्री कॉलेजों की सीटों पर स्टूडेंट्स ने ज्यादा च्वाइस नहीं दिया हैं। जिसके कारण सेंट्रलाइल्ड एडमिशन की प्रक्रिया से जुड़े कॉलेजों में अपेक्षा से अभी तक कम सीटें भरी हैं। यूजी काउंसिलिंग के पहले चरण में एलयू में एडमिशन लेने के लिए बीए व बीएससी कोर्सेज में मौजूद कॉम्बिनेशन पर ज्यादा भरोसा दिखाया हैं। पहले चरण में स्टूडेंट्स ने ज्यादा से ज्यादा च्वाइस लॉक एलयू में मिलने वाले ऑप्शन को ही दिया हैं।

# दस्तावेज अपलोड करने की तिथि 31 तक बढ़ी

**लखनऊ।** लविवि ने परास्नातक दाखिले के लिए दस्तावेज अपलोड करने की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी हैं। इसकी जानकारी देते हुए लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जो छात्र परास्नातक की प्रवेश परीक्षा में दाखिल हुए हैं यदि उनका अंतिम वर्ष का रिजल्ट घोषित नहीं हुआ है तो वह अपने अंतिम सेमेस्टर या अंतिम वर्ष जिसकी उन्होंने परीक्षा दी और उसकी मार्कशीट उनके पास उपलब्ध हैं, उसे अपलोड कर सकते हैं।

VOICE OF LUCKOW PAGE 3

# लविवि की सीटें भरीं, कॉलेज की सीटें आधे से ज्यादा खाली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- पहले चरण के बाद लविवि के 10 कोर्सों की सीटें भरी
- कालेजों के बीएससी व बीकॉम पर भी छात्र नहीं दिखा रहे रुचि

**लखनऊ।** लविवि में स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गयी। पहले चरण के काउंसिलिंग की प्रक्रिया के बाद लविवि के 10 कोर्सों की सीटें भर गयी है। वहीं पहली बार शुरू हुए केंद्रीयकृत दाखिले के तहत जुड़े डिग्री कॉलेजों में आधे से अधिक सीटें अब भी खाली हैं। सोमवार को लविवि की ओर से जारी हुए आंकड़ों में इसकी जानकारी हुयी। जिसके अनुसार लविवि में संचालित बीसीए, बीएससी, बीए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस और बीकॉम जैसे प्रमुख कोर्सों की सीटें भर गयी हैं। इनमें एक भी सीट नहीं बची हैं। आंकड़ों को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि जो छात्र लविवि के दूसरी सूची का इंतजार कर रहे हैं। वह इन कोर्सों में दाखिले के लिए दूसरे विकल्पों पर ध्यान देना होगा।

लविवि की ओर से जारी डाटा के अनुसार स्नातक काउंसिलिंग के प्रथम चरण में डिग्री कॉलेजों की सीटों पर छात्रों ने ज्यादा विकल्प नहीं दिया हैं, जिसके कारण केंद्रीयकृत दाखिले की प्रक्रिया से जुड़े कॉलेजों में करीब करीब 30 फीसदी ही सीटें भरी हैं। जिन कोर्सों की सीटें लविवि में पहले ही चरण में भर गयी है, वहीं दूसरी ओर डिग्री कॉलेजों में उन कोर्सों में आधे से अधिक सीटें खाली हैं। जानकारों का कहना है कि छात्रों की पहली पसंद लविवि हैं। ऐसे में वह लविवि में ही दाखिला लेना चाहता हैं। ज्यादातर छात्रों ने डिग्री कॉलेजों की सीटों पर विकल्प ही नहीं भरा।

JAGRAN CITY PAGE IV

# 31 तक दस्तावेज अपलोड करने का मौका

**लखनऊ** विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश के लिए दस्तावेज अपलोड करने की तारीख को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के अंतिम वर्ष के परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुए हैं। इसको देखते हुए निर्णय लिया गया है।

TOI PAGE 4

# Applicants for LU teaching posts get option to appear for interview online

Mohita.Tewari@timesgroup.com

**Lucknow:** Applicants for 180 teaching posts at Lucknow University will have the ease of appearing for the interview from anywhere in the country.

In view of the pandemic situation, the varsity has decided to give them the option to appear for interviews in both online and offline modes.

Similarly, experts nominated in the selection committees will also be given the online option and be part of the process while staying at home. It is for the first time that the online mode will be used in LU for recruitment through duly formed selection committees.

**FIRST EVER**

The interview hall will be equipped with all facilities for online interviews. Participation of candidates from diverse backgrounds and different parts of the country increases the quality of selection.

"I think we are the only university in the country to have adopted the hybrid model of online and offline interviews for bulk appointments," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

"Shortlisted candidates will get the options of appearing interviews in person as well as through video conferencing which will help hundreds of applicants who have applied for the posts from across the country", he added.

The last date for submitting applications online was October 19. Candidates who have registered online can send the hard copies of their applications and documents through post by October 31.

Thereafter, the eligible ones will be shortlisted and called for the interview.